दन– बुधवार दिनांक– 29 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए मुख्यमंत्री विद्ययुत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सब्सिडी की स्वीकृति दी।

02. सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में गोलीबारी का आरोपी रामधनी यादव पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। दो अन्य अपराधी गिरफ्तार।

03. जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत स्व–गणना का कार्य सुचारू रूप से जारी। आर्थिक अपराध इकाई ने जनगणना के नाम पर साइबर ठगी करनेवालों से किया सतर्क।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के सत्ताईस जिलों में आंधी बारिश और वज्रपात का जारी किया अलर्ट। राजधानी पटना में आंधी बारिश से तापमान में गिरावट।

---

राज्य मंत्रिमंडल ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए वित्तीय वर्ष दो श्हजार छब्बीस सत्ताईस के लिए मुख्यमंत्री विद्ययुत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत तेईस हजार एक सौ पैंसठ करोड़ रुपये सब्सिडी की स्वीकृति दी है। आज पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल के बैठक में चौंसठ महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने शिक्षा के क्षेत्र में अहम फैसला लेते हुए राज्य के सभी प्रखंडों के एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जिन प्रखंडों में डिग्री कॉलेज नहीं हैं वहां नये कॉलेज खोले जायेंगे। मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रावास अनुदान को एक हजार रूपये से बढाकर दो हजार रूपये कर दिया गया है।

---

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या में शामिल एक अपराधी रामधनी यादव को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। आज सुबह हुई इस मुठभेड़ में एक पुलिस उपाधीक्षक और दो पुलिस इंस्पेक्टर भी घायल हो गये हैं। पुलिस अधीक्षक प्रमोद यादव ने मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गोलीबारी की घटना में शामिल दो अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

———बाइट———

पुलिस अधीक्षक श्री यादव ने बताया कि जिले में पुलिस बल अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी अभियान चला रहे है। इस बीच कल हुई गोलीबारी की घटना में गंभरी रूप से घायल सुल्तानगंज नगर परिषद के सभापति राजकुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

भागलपुर के सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्णभूषण कुमार का आज उनके पैतृक स्थान मधुबनी जिले के गदियानी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मधुबनी पुलिस ने दिवंगत पदाधिकारी को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया है। इस अवसर जिलाधिकारी आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा घोषित पच्चीस लाख रूपये अनुग्रह राशि का चेक दिवंगत अधिकारी की पत्नी को सौंप दिया है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में विधि व्यवस्था समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा के लिए कल पटना में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। पटना के अधिवेशन भवन में पूर्वाह्न ग्यारह बजे से आयोजित बैठक में सभी वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक पदाकिधकारी शामिल होंगे। सभी जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

---

कोसी और गंडक परियोजनाओं को लेकर भारत और नेपाल की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक कल से काठमांडु में शुरू हो रही है। यह बैठक एक मई तक चलेगी। साथ ही दोनों देशों से होकर बहने वाली नदियों में बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर दो मई को संयुक्त बैठक होगी। इस बैठक में बिहार के कई शीर्ष पदाधिकारी भाग

लेंगे। उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया है।

---

प्रदेश में जनगणना के तहत स्व–गणना का काम सुचारू रूप से जारी है। अब तक **सत्ताईस लाख पचहत्तर हजार** से अधिक लोग स्व–गणना की प्रक्रिया में शामिल हुये हैं।

---

प्रदेश में जनगणना के नाम पर साइबर ठगी के मामले भी सामने आ रहे हैं। साइबर अपराधी खुद को जनगणना अधिकारी बताकर फर्जी कॉल, एसएमएस और व्हाट्सएप मैसेज के जरिए लोगों से ठगी कर रहे है। प्रस्तुत है साइबर ठगों से सावधान करती यह रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

राजधानी पटना समेत कई जिलों में जनगणना के नाम पर साईबर ठगी के मामले सामने आये हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहां डिजिटल जागरूकता कम है, ठग लोगों को आसानी से अपना शिकार बना रहे हैं। पीड़ितों के मुताबिक, ठग फोन कर कहते हैं कि स्व–गणना पूरी नहीं हुई है और लाभ रुक सकता है। इसके बाद वे एक लिंक भेजते हैं। इस लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो जाता है और बैंक खातों से पैसे निकाल लिए जाते हैं। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई में उपाधीक्षक अनुराधा सिंह ने कहा कि लोगों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

अनुराधा सिंह 01

श्रीमती सिंह ने बताया कि यदि ठगी के शिकार हो जाते हैं तो बिना समय गंवाये पुलिस को सूचित करें।

अनुराधा सिंह 02

जनगणना से जुड़े अधिकारियों ने भी नागरिकों से अपील कि है वे केवल आधिकारिक पोर्टल एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी पर ही जानकारी भरें और किसी भी संदिग्ध लिंक से बचें। किसी भी तरह की धोखाधड़ी की स्थिति में लोग हेल्पलाइन नंबर एक नौ तीन शून्य पर या साइबर क्राइम डॉट जीओवी पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। समाचार कक्ष से रजीनीकांत चौधरी।

---

भाजपा की युवा नेता और पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि नारी वंदन संशोधन विधेयक पारित नही होनो सभी वर्ग की महिलाओं के साथ अन्याय है। शेखपुरा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सुश्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आधी आबादी को उनके अधिकारों से वंचित किया है।

———बाइट———

---

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान छींटपुट घटनाओं के बीच संपन्न हो गया। सात जिलों में एक सौ बयालीस निर्वाचन क्षेत्रों में आज कड़ी सुरक्षा के बीच वोट डाले गये। ताजा जानकारी के अनुसार दूसरे चरण में भी रिकॉर्ड मतदान हुआ है। पश्चिम बंगाल के साथ ही केरलम, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी विधानसभाओं के लिए मतगणना चार मई को होगी। इस समय पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए एग्जिट पोल का प्रसारण किया जा रहा है। जिसमें एनडीए को बढ़त मिल रहे है।

---

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने पटना, कटिहार, मुजफ्फरपुर, बांका और सुपौल समेत उन्नीस जिलों के एक सौ अट्ठाईस पैक्स में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चार मई को सूचना का प्रकाशन होगा। बीस और इक्कीस मई को नामांकन पत्र भरे जायेंगे। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस मई है। आवश्यकता होने पर तीन जून को मतदान होगा और उसी दिन मतों की गिनती होगी।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आंधी, बारिश वज्रपात और ओलावृष्टि का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना और आसपास के इलाकों में आज शाम धूलभरी आंधी के साथ तेज बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। भीषण गर्मी के बीच बारिश से लोगों को राहत मिली है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि पटना और आसपास के जिलों में भी बारिश का सिलसिला जारी है। इस दौरान कई स्थानों पर गरज, चमक के साथ वज्रपात की घटना हुई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकतर स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना जताई है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी भी जारी की गयी है।

———बाइट———

---

रोहतास, कैमूर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में विभिन्न स्थानों पर आज तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस दौरान रोहतास के बंजारी और कैमूर के भभूआ में ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम में आये इस बड़े बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं, खेतों में लगी फसल विशेषकर सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है।

---

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के सत्ताईस जिलों में विभिन्न स्थानों पर आंधी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अररिया, बांका, बेगूसराय, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, सीवान, किशनगंज, मधेपुरा, रोहतास, कैमूर, सुपौल, भागलपुर, जमुई के विभिन्न भागों में तेज हवा के साथ मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

---

दानवीर भामा शाह की जयंती के अवसर पर आज पटना के पुनाईचक पार्क में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई गणमान्य लोगों ने भामा शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने भामा शाह को श्रद्धांजलि देते हुये उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

---

राज्य निर्वाचन आयोग ने भभूआ नगर परिषद के मुख्य पार्षद विकास कुमार तिवारी को अयोग्य घोषित कर उन्हें पद से हटाने का आदेश जारी किया है। आयोग ने

बिहार नगरपालिका अधिनियम दो हजार सात के प्रावधानों के तहत मुख्य पार्षद को दो से अधिक जीवित संतान होने के कारण अयोग्य घोषित किया है।

---

सीवान में आज प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर योजना के तहत मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से बीपीएल परिवारों को एक किलो वाट क्षमता वाला सोलर पैनल निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।

---

भोजपुर जिले में कोईलवर–बक्सर फोर लेन पर एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने मोटरसाईकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गयी।

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए मुख्यमंत्री विद्ययुत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सब्सिडी की स्वीकृति दी।
02. सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में गोलीबारी का आरोपी रामधनी यादव पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। दो अन्य अपराधी गिरफ्तार।
03. जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत स्व–गणना का कार्य सुचारू रूप से जारी। आर्थिक अपराध इकाई ने जनगणना के नाम पर साइबर ठगी करनेवालों से किया सतर्क।
04. और, मौसम विभाग ने राज्य के सत्ताईस जिलों में आंधी बारिश और वज्रपात का जारी किया अलर्ट। राजधानी पटना में आंधी बारिश से तापमान में गिरावट।

---

समाप्त